**हरियाणा विधान सभा**

**मंगलवार, 16 मार्च, 2021**

**को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले**

**तारांकित प्रश्न**

**भूमिगत जल का घटता स्तर**

*893. **श्रीमती निर्मल रानी, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि सोनीपत के गांवों में लगे हुए सबमर्सिबल के पानी के दुरूपयोग के कारण भूमिगत जल स्तर घट रहा है; यदि हां, तो उपरोक्त समस्या को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए?

..................

**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सैक्टरों को विकसित करना**

*762. **श्री मामन खान, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) राज्य के कौन से जिले है जिनमें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सैक्टरों को विकसित किया गया है; तथा

(ख) क्या नूंह जिले के नूंह मुख्यालय, फिरोजपुर–झिरका तथा पुन्हाना में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सैक्टरों को विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इन सैक्टरों के कब तक विकसित किए जाने की संभावना है?

..................

## अस्पताल का पुनर्निर्माण/दर्जा बढ़ाना

*1071. **श्री सुधीर सिंगला, एम.एल.ए.:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि गुरूग्राम में पुराना सामान्य अस्पताल जीण–शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त अस्पताल का दर्जा 500 बेड तक बढ़ाकर पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त अस्पताल का पुनर्निर्माण/दर्जा बढ़ाने का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

..................

## पांच करोड़ रूपये की अनुदान राशि प्रदान करना

*883. **श्रीमती शैली चौधरी, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2020 में प्रत्येक विधायक को उनके निर्वाचनक्षेत्र में विकास कार्यों के लिए पांच करोड़ रूपये का अनुदान प्रदान करने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई हैं परन्तु उपरोक्त घोषणा के अन्तर्गत अभी तक सरकार द्वारा एक छोटी राशि जारी की गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त घोषणा के अन्तर्गत पूरी राशि जारी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

..................

## बिजली की लाईन को स्थानांतरित करना

*770. **श्री बलबीर सिंह, एम.एल.ए.:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के मतलौडा–नारा में निर्मित शिव गऊशाला के ऊपर से 33 किलोवाट पानीपत–सफीदों बिजली की लाईन गुजर रही है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त बिजली की लाईन को रेलवे ट्रैक की ओर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक स्थानांतरित किये जाने की संभावना है?

..................

## प्रदूषण कम करना

*744. **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 60 फुट की एयरफोर्स रोड़ की हॉट स्पाट के रूप में पहचान की गई थी; यदि हां, तो सरकार द्वारा प्रदूषण रोकने तथा उक्त हॉट स्पाट से उक्त क्षेत्र को दूर करने के लिये क्या पग उठाये गये; तथा

(ख) क्या सरकार द्वारा अब तक उठाये पगों के कारण प्रदूषण का स्तर कम हुआ है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

..................

## राजकीय महाविद्यालय खोलना

*933. **श्री दुड़ा राम, एम.एल.ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या फतेहाबाद शहर में राजकीय महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

.................

## यमुना में अवैध खनन

*922. **श्री बिशनलाल सैनी, एम.एल.ए.:** क्या खनन एवं भू–विज्ञान मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि रादौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सरकार द्वारा खनन कार्य के लिए आरक्षित किए गए क्षेत्र से बाहर यमुना नदी में खनन ठेकेदार अवैध खनन कर रहे हैं; यदि हां, तो इस विषय में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि मृदा अपरदन को रोकने के लिए सरकार द्वारा नदी के किनारे पर बनाए गए स्टड को भी खनन ठेकेदारों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इस विषय में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

.................

## जुलाना तहसील को उप–मंडल के रूप में अपग्रेड करना

***1066 श्री अमरजीत ढांडा, एम.एल.ए.** :– क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जुलाना तहसील को उप मंडल के रूप में अपग्रेड करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

............

## पशु अस्पताल के भवन का निर्माण करना

***937. श्री शमशेर सिंह गोगी, एम.एल.ए.** :– क्या पशुपालन तथा डेयरी विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि असंध में पशु अस्पताल के भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

............

## वाई.एम.सी.ए. की ईमारत का निर्माण कार्य आरम्भ करना

***987. श्रीमती सीमा त्रिखा, एम.एल.ए.** :– क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि वाई.एम.सी.ए. विश्वविद्यालय की ईमारत के निर्माण का कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

............

## नए बस स्टैंड का निर्माण करना

*871. **श्री ईश्वर सिंह, एम.एल.ए.:** क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि चीका के बस स्टैण्ड की स्थिति जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या चीका में नए बस स्टैण्ड के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त बस स्टैण्ड को कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

..................

## महिला महाविद्यालय खोलना

*758. **श्री आफताब अहमद, एम.एल.ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव नूंह, जिला मेवात की बेटी शहीद लेफटिनेंट किरण शेखावत की स्मृति में गांव कुरथला में महिला महाविद्यालय खोलने के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त मामले में गत् पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

..................

## 66 के.वी. लाईन को हटाना

*926. **श्री दीपक मंगला, एम.एल.ए.:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर में नए एक्सटेशन क्षेत्र के घरों की छतों के ऊपर से 66 के.वी. लाईन गुजर रही है;

(ख) क्या यह तथ्य भी है कि ऊपर वर्णित क्षेत्र में उक्त लाईन के कारण बहुत लोग दुर्घटना के शिकार हो गये है; तथा

(ग) यदि हां, तो क्या उपरोक्त लाईन को हटाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक हटाए जाने की संभावना है?

..................

## महाविद्यालय का दर्जा विश्वविद्यालय के रूप में बढ़ाना

*1018. **श्री इंदुराज नरवाल, एम.एल.ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री द्वारा बरोदा निर्वाचनक्षेत्र में चौधरी घज्जा राम जनता महाविद्यालय बुटाना का दर्जा विश्वविद्यालय के रूप में बढ़ाने की घोषणा की गई है; यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय का दर्जा बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है?

..................

## सड़क का विस्तार करना

***1039. श्री विनोद भयाना, एम.एल.ए. :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हांसी शहर में हांसी शहर का पूर्वी बाई–पास से पश्चिमी बाई–पास तक सड़क का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका विस्तार कब तक किये जाने कि संभावना है।

..........................

## स्थापित की गई एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईटों का ब्यौरा

***1076. श्री नरेन्द्र गुप्ता, एम.एल.ए. :–** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) एल.ई.डी. लाईटों की संख्या कितनी है जिसके लिए 2018 से नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा निविदाएं आमंत्रित की गई हैं;

(ख) एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईटों का मूल्य तथा ठेकेदारों के नाम क्या हैं जिन्हें उक्त निविदाऐं जारी की गई है;

(ग) फरीदाबाद–89, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उपरोक्त ठेकेदारों द्वारा लगाई गई एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईटों का वार्ड–वार ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्तमान में फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगाई गई एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईटों का वार्ड–वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ड) क्या यह तथ्य है कि वर्तमान में कार्य कर रही एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईटों की संख्या ठेकेदारों द्वारा लगाई गई एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइटों की संख्या से कम है; यदि हां, तो सरकार द्वारा उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व क्या कार्यवाही की गई ?

..........................

## सड़कों का निर्माण

*829. **श्री लीला राम, एम.एल.ए.:** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या कैथल निर्वाचनक्षेत्र में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा निम्नलिखित सड़कों के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:–

(1) गांव उझाना से गांव कुलतारन;

(2) गांव धुंदरेहरि से दिवाल (विद्यालय की सड़क);

(3) गांव मानस से फर्श माजरा (वाया खेतों के रास्ते);

(4) गांव जसवन्ती से गांव दोहर;

(5) गांव गुहना से गांव सांगवान;

(6) गांव गढी से गांव मानस;

(7) गांव पाडला से गांव बाबा लादाना वाया गांव बुढ़ा खेड़ा;

(8) गांव शेरगढ़ से पानी के नाले की पगडंडी वाया दाऊ खेड़ी से शुगर मिल करनाल सड़क तक;

(9) गांव दयौरा से नहर की पगडंडी गांव कुलतारण तक;

(ख) यदि हां, तो इन सड़कों के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

..................

## हिसार हवाई अड्डे के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति

*903. **डॉ कमल गुप्ता, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि हिसार हवाई अड्डे के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक पूरे किए जाने की संभावना है?

..................

## बिजली विभाग का स्टोर खोलना

*791. **श्री लक्ष्मण नापा, एम.एल.ए.:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या रतिया में बिजली विभाग के लिए एक स्टोर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

..................

चण्डीगढ़:
8 मार्च, 2021.

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।